उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति

डांडा लखौंड सहस्त्रधारा रोड देहरादून।

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अल्मोडा।

पत्रांक – UKHFWS/NHM/ASHA Letter/2015-16/ 9733 दिनांक: जनवरी 2017

विषय – **कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी0 आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य स्तर से पूर्व में प्रेषित किये पत्र संख्या– UKHFWS/NHM/ASHA/2015-16/ 8186 दिनांक 30 नवम्बर 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अन्तर्गत कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम को संचालित किये जाने हेतु दिनांक 06 से 07 दिसम्बर 2016 को आपके कार्यालय में जिला स्तरीय टी0ओ0टी कार्यशाला आयोजित की गयी थी। उक्त कार्यशाला के दौरान भारत सरकार पापुलेशन फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया के मास्टर प्रशिक्षक श्री दमन आहूजा के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड के 01 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द के अन्तर्गत 02 उपकेन्द्र व 10 गांवो के डाटा को रिर्पोट कार्ड में अकिंत कराकर विकासखण्ड स्तर पर संकलित कर माह फरवरी 2017 में प्रत्येक विकासखण्ड में जनंसवाद आयोजित किया जाना है। इस कम में उक्त प्रस्तावित गतिविधि को संचालित किये जाने हेतु जनपद की समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी0 आपके स्तर से माह जनवरी 2017 के अन्तिम सप्ताह में आयोजित की जानी है। जिस हेतु आपको पत्र संख्या– UKHFWS/NHM/ASHA Letter/2015-16/ 7865 दिनांक 09 नवम्बर 2016 के माध्यम से FMR Code B.15.1.3 के अन्तर्गत रू0 59,712/– की धनराशि निर्गत की गयी है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आप अपने स्तर से उचित कार्यवाही करते हुए शीघ्र ही समस्त विकासखण्ड की समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी0 आयोजित किये जाने हेतु जिला कार्यकम प्रबन्धक व कम्यूनिटी मोबिलाइजर को दिशा–निर्देश देने का कष्ट करें ताकि समयपूर्वक उक्त गतिविधि को संचालित कर कर माह फरवरी 2017 में प्रत्येक विकासखण्ड में जनंसवाद आयोजित किया जा सके।

सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।